**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 21.04.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना रेंढर पुलिस द्वारा हत्या की घटना में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।**

अवगत कराना है कि दिनांक 18.04.25 को आवेदक श्री रवीशंकर पुत्र स्व0 ग्यादीन कुशवाहा नि0 ग्राम धौरपुर थाना कैलिया जनपद जालौन के द्वारा फौती सूचना थाना रेंढर पर दी गयी कि मृतिका श्रीमती संगीता देवी पत्नी स्व0 हरीसिंह नि0ग्राम जुगराजपुरा थाना रेंढर जिला जालौन की मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध मे दाखिल की थी जिस पर थाना पुलिस द्वारा मृतिका की पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कराया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद घटना की सत्यता की जानकारी हुयी। जिसके आधार पर दिनांक 20.04.2025 को मृतिका संगीता देवी उपरोक्त के पिता श्री भगवान सिंह पुत्र स्व0 ग्यादीन कुशवाहा नि0 ग्राम धौरपुर थाना कैलिया जनपद जालौन ने थाना रेंढर में तहरीर दी कि छोटू उर्फ आनन्द पुत्र राजकुमार उम्र करीब 23 वर्ष नि0 ग्राम जुगराजपुरा थाना रेंढर जनपद जालौन द्वारा वादी की पुत्री श्रीमती संगीता देवी पत्नी स्व0 हरीसिंह को गला दबाकर मार दिया गया है। जिसके सम्बन्ध में थाना रेंढर में मु0अ0सं0 32/25 धारा 103(2) बीएनएस बनाम छोटू उर्फ आनन्द पुत्र राजकुमार नि0 ग्राम जुगराजपुरा थाना रेंढर जनपद जालौन पंजीकृत किया गया था।

दिनांक 21.04.2025 को थाना रेंढर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी एवं चैकिंग के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर नहर के किनारे कन्हरी ग्राम को जाने वाले रोड पर बहद ग्राम भगवन्तपुरा से मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त छोटू उर्फ आनन्द पुत्र राजकुमार उम्र करीब 23 वर्ष नि0 ग्राम जुगराजपुरा थाना रेंढर जनपद जालौन को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 18.04.2025 को बलकट के खेत के दो लाख रूपये के लेन देने तथा गाड़ी की किस्त इत्यादि भरने को लेकर मेरा व मेरी चाची संगीता का झगड़ा हो गया था जिस पर आवेश में आकर अपनी चाची श्रीमती संगीता की हत्या गला दबाकर की थी।

**नाम पता अभियुक्तः-**

1. छोटू उर्फ आनन्द पुत्र राजकुमार उम्र करीब 23 वर्ष नि0 ग्राम जुगराजपुरा थाना रेंढर जनपद जालौन

**पुलिस टीम का विवरणः-**

1. थानाध्यक्ष रेंढर मय पुलिस टीम।